Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

राष्ट्रगान अथवा उसकी धुन का उपयोग विशेष अवसरों पर ही किया जाय। ऐसे समय उपस्थित सभी सज्जन सम्मानार्थ खड़े हो जायँ और राष्ट्रगान पूरा होने तक न तो हिलें-डुलें और न किसी तरह की बातचीत ही करें। राष्ट्रगान की धुन एक मिनट से अधिक कदापि न चले। झण्डाभिवादन के समय, राष्ट्रगान की धुन झण्डा फहराने के साथ-साथ बजायी जाय, न उसके पहले और न बाद में। राष्ट्रगान गाते समय उसके शब्दों को न तो बदला जाय और न बिगाड़ा ही जाय।

राष्ट्र चिह्न

हमारा राष्ट्र चिह्न सारनाथ के अशोक स्तम्भ के शीर्ष का प्रतिरूप है। सम्राट अशोक ने यह स्तम्भ उस स्थान पर बनवाया था जहाँ भगवान बुद्ध ने अपना पहला उपदेश दिया था। राष्ट्र चिह्न में एक चौरस गोल पत्थर पर तीन सिंह पीठ जोड़े खड़े दिखाई देते हैं। पत्थर के किनारे में बीचों बीच ऊपर को उभरा हुआ धर्मचक्र है, दाईं ओर एक बैल और बाईं ओर एक घोड़ा तथा दाएँ और बाएँ छोर पर धर्मचक्र की रूपरेखा अंकित है। चिह्न के नीचे 'सत्यमेव जयते' (सत्य ही की विजय होती है) शब्द देवनागरी में अंकित हैं।

लोक-कल्याणकारी राज्य की ओर

प्रत्येक वर्ष १५ अगस्त को हम अपना स्वतन्त्रता दिवस मनाते हैं। आठ वर्ष हुए इसी दिन हमने विदेशी शासन का जुआ अपने कंधों से उतार फेंका था। तब से हमारा देश उत्तरोत्तर प्रगति के पथ पर बढ़ रहा है। प्रशासन के स्थायित्व, रजवाड़ों के संघटन, और लोक तंत्रात्मक आधार पर संविधान के निर्माण द्वारा हमने अपनी स्वतन्त्रता की जड़ें पक्की की हैं। उधर देश में अस्पृश्यता का अन्त करके प्रगतिशील समाज की नींव डाली जा चुकी है और वयस्क मताधिकार की व्यवस्था करने से भारत को संसार का सबसे बड़ा लोकतन्त्र कहलाने का गौरव प्राप्त हुआ है। लोक कल्याणकारी राज्य के अपने लक्ष्य के अनुकूल ही लगभग पाँच वर्ष हुए भारत की जनता ने अधिक समृद्ध जीवन के लिए निर्माण कार्य में जुटने का संकल्प किया था।

अतः प्रथम पंच वर्षीय योजना के मुख्य उद्देश्य ये थे :

अधिक अन्न का उत्पादन।

अधिक वस्तुओं का उत्पादन।

सामाजिक सेवाओं में सुधार, और

अधिक रोज़गार का प्रबन्ध।

प्रथम पंचवर्षीय योजना

मार्च सन् १९५१ में जब प्रथम पंचवर्षीय योजना बनाई गई थी, तब देश के सामने अनेक गम्भीर समस्यायें थीं। खाद्यान्न की भारी कमी थी और वित्तीय साधन भी बहुत कम थे। इसके साथ ही मंहगाई का जोर था जिसके कारण व्यापार और उद्योग का विकास रुका हुआ था। इस

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

योजना से विकास का वह क्रम आरम्भ हुआ जिसका उद्देश्य रहन-सहन का स्तर ऊँचा बनाना और लोगों के लिए सुखी व समृद्ध जीवन की नींव डालना है। आरम्भ में योजना पर २,०६८·७५ करोड़ रुपया खर्च करने की व्यवस्था की गई थी किन्तु बाद में इस राशि को बढ़ाकर २,३२४·५ करोड़ रुपये कर दिया गया। विभिन्न कार्यक्रमों पर व्यय का वितरण इस प्रकार किया गया :

	रुपये
(क) कृषि और सामुदायिक विकास	३७२·६ करोड़
(ख) सिंचाई और बिजली	६५३·५ करोड़
(ग) परिवहन और संचार	५५७·७ करोड़
(घ) उद्योग	१७६·३ करोड़
(ङ) सामाजिक सेवाएँ	३७६·६ करोड़
(च) पुनर्वास तथा अन्य	१८४·८ करोड़

अनुमान है कि सन् १९५४-५५ के अन्त तक योजना पर १,४०१·३ करोड़ रुपया व्यय हो चुकेगा। इस प्रकार योजना के अन्तिम वर्ष के लिए विभिन्न विकास कार्यक्रमों पर व्यय करने के लिए ७०१·८ करोड़ रुपया शेष रहेगा। योजना पर अब तक का कार्य बहुत सफल रहा है और आशा की जाती है कि प्रथम योजना की समाप्ति तक हमारा ९५ प्रतिशत लक्ष्य पूरा हो चुकेगा।

उत्पादन के लक्ष्य :

योजना में विभिन्न क्षेत्रों के उत्पादन में वृद्धि की व्यवस्था की गई थी, विशेषकर खाद्यान्न, सिंचाई, बिजली और अनेक उद्योगों के सम्बन्ध में निम्न तालिका से आपको प्रथम योजना के लक्ष्य और अबतक की सफलता का संकेत मिलेगा।

योजना की प्रगति

	१९५५-५६ तक का लक्ष्य	१९५४-५५ तक की सफलता
खाद्यान्न	७६ लाख टन अतिरिक्त उत्पादन प्रति वर्ष	प्रति वर्ष लगभग ११६ लाख टन
सिंचाई (अतिरिक्त एकड़ भूमि)	८५ लाख एकड़	६५ लाख एकड़
बिजली	१० लाख ८० हजार किलोवाट	१८ लाख ३० हजार किलोवाट
नई राष्ट्रीय सड़कें	६४० अतिरिक्त मील	४४० अतिरिक्त मील
सूती कपड़ा	४७० करोड़ गज	५०४ करोड़ ६० लाख गज
सामुदायिक कार्य और राष्ट्रीय विस्तार सेवा	१,२०,००० गांव	१,०५,५५७ गांव

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

	१९५५–५६ तक का लक्ष्य	१९५४–५५ तक की सफलता
नए स्कूल (प्रारम्भिक और जूनियर बेसिक)	४७,५३०	२५,७००
नए अस्पताल	२,४०८	२,३८५

योजना की सबसे बड़ी सफलता खाद्यान्न के उत्पादन में वृद्धि है। इस क्षेत्र में १९४९-५० की तुलना में मार्च १९५५ में १ करोड़ २० लाख टन की वृद्धि हुई। यह वृद्धि अच्छी वर्षा, खेती के अच्छे उपायों और सिंचाई की अधिक सुविधाओं के कारण सम्भव हो सकी। बहुत-सी नई जमीन को खेती योग्य बनाया गया। नहरें निकाली गईं, कुएँ बनाए गए और अन्न पर से राशन हटा लिया गया। कृषि के उत्पादन के साथ-साथ ग्राम्य जनता के जीवन स्तर में भी योजनाबद्ध विकास करने का प्रयत्न किया गया। प्रधान मन्त्री के शब्दों में हमारे सामुदायिक कार्य और राष्ट्रीय विस्तार सेवा प्रथम पंचवर्षीय योजना को गतिशील बनाने वाली शक्ति है। सामुदायिक विकास कार्यक्रम में यह बातें शामिल हैं: खेती के अच्छे तरीके सिखाना, सहायक कुटीर उद्योगों को बढ़ाना, गाँवों के बीच संचार साधन सुधारना, अच्छे मकान बनाना, पंचायतों की स्थापना करना आदि जो कि ग्राम्य जीवन के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं। इस संयुक्त कार्यक्रम के अन्तर्गत १,०५,५५७ गांव अब तक आ चुके हैं और आशा की जाती है कि योजना की समाप्ति तक एक-चौथाई देश इसके अन्तर्गत आ जाएगा।

सिंचाई और बिजली

एक कृषिप्रधान देश के लिए सिंचाई का महत्व पहचानते हुए योजना के निर्माताओं ने सिंचाई और बिजली के लिए ६५३ करोड़ रुपए की राशि निर्धारित की थी। स्वतन्त्रता से पूर्व समूचे देश के लिए सिंचाई और बिजली पर जितनी रकम खर्च की गई थी, यह रकम उससे अधिक है। इस क्षेत्र में सिंचाई के अनेक छोटे-मोटे काम ही नहीं किए गए जैसे नए कुएँ बनाना और पुराने कुओं को सुधारना, बिजली के कुएँ लगाना, पंपिंग सेट लगाना, तालाब और नहरें आदि बनाना। साथ ही भाखड़ा नांगल, दामोदर घाटी कार्पोरेशन, हीराकुड और तुंगभद्रा आदि विशाल अनेक लाभ वाली योजनाओं पर भी तेजी से काम किया गया। हमारे प्रधान मन्त्री ने ८ जुलाई, १९५४ को भाखड़ा नहरें चालू कर दीं और २ जनवरी, १९५५ को राष्ट्रपति डा० राजेन्द्रप्रसाद ने गंगूवाल में इस योजना के पहले बिजलीघर का उद्घाटन किया। दामोदर घाटी योजना के बोकारो बिजलीघर और तलैया पन-बिजली केन्द्र चालू हो चुके हैं। हीराकुड और तुंगभद्रा पर भी सन्तोषजनक प्रगति हो रही है। चम्बल और कोसी जैसी कुछ नई योजनाएँ भी हाथ में ले ली गई हैं। इन योजनाओं की अब तक की प्रगति के फलस्वरूप मार्च, १९५५ तक लगभग ९५ लाख एकड़ अतिरिक्त जमीन में सिंचाई का प्रबन्ध हो गया है और १८ लाख ३० हजार किलोवाट बिजली तैयार होने लगी है।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

योजना से विकास का वह क्रम आरम्भ हुआ जिसका उद्देश्य रहन-सहन का स्तर ऊँचा बनाना और लोगों के लिए सुखी व समृद्ध जीवन की नींव डालना है। आरम्भ में योजना पर २,०६८·७५ करोड़ रुपया खर्च करने की व्यवस्था की गई थी किन्तु बाद में इस राशि को बढ़ाकर २,३२४·५ करोड़ रुपये कर दिया गया। विभिन्न कार्यक्रमों पर व्यय का वितरण इस प्रकार किया गया :

	रुपये
(क) कृषि और सामुदायिक विकास	३७२·६ करोड़
(ख) सिंचाई और बिजली	६५३·५ करोड़
(ग) परिवहन और संचार	५५७·७ करोड़
(घ) उद्योग	१७९·३ करोड़
(ङ) सामाजिक सेवाएँ	३७६·६ करोड़
(च) पुनर्वास तथा अन्य	१८४·८ करोड़

अनुमान है कि सन् १९५४-५५ के अन्त तक योजना पर १,४०[illegible]·३ करोड़ रुपया व्यय हो चुकेगा। इस प्रकार योजना के अन्तिम वर्ष के लिए विभिन्न विकास कार्यक्रमों पर व्यय करने के लिए ७०१·८ करोड़ रुपया शेष रहेगा। योजना पर अब तक का कार्य बहुत सफल रहा हैं और आशा की जाती है कि प्रथम योजना की समाप्ति तक हमारा ९५ प्रतिशत लक्ष्य पूरा हो चुकेगा।

उत्पादन के लक्ष्य :

योजना में विभिन्न क्षेत्रों के उत्पादन में वृद्धि की व्यवस्था की गई थी, विशेषकर खाद्यान्न, सिंचाई, बिजली और अनेक उद्योगों के सम्बन्ध में निम्न तालिका से आपको प्रथम योजना के लक्ष्य और अबतक की सफलता का संकेत मिलेगा।

योजना की प्रगति

	१९५५-५६ तक का लक्ष्य	१९५४-५५ तक की सफलता
खाद्यान्न	७६ लाख टन अतिरिक्त उत्पादन प्रति वर्ष	प्रति वर्ष लगभग ११६ लाख टन
सिंचाई (अतिरिक्त एकड़ भूमि)	८५ लाख एकड़	९५ लाख एकड़
बिजली	१० लाख ८० हजार किलोवाट	१८ लाख ३० हजार किलोवाट
नई राष्ट्रीय सड़कें	६४० अतिरिक्त मील	४४० अतिरिक्त मील
सूती कपड़ा	४७० करोड़ गज	५०४ करोड़ ६० लाख गज
सामुदायिक कार्य और राष्ट्रीय विस्तार सेवा	१,२०,००० गांव	१,०५,५५७ गांव

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

	१९५५–५६ तक का लक्ष्य	१९५४–५५ तक की सफलता
नए स्कूल (प्रारम्भिक और जूनियर बेसिक)	४७,५३०	२५,७००
नए अस्पताल	२,४०८	२,३८५

योजना की सबसे बड़ी सफलता खाद्यान्न के उत्पादन में वृद्धि है। इस क्षेत्र में १९४९-५० की तुलना में मार्च १९५५ में १ करोड़ २० लाख टन की वृद्धि हुई। यह वृद्धि अच्छी वर्षा, खेती के अच्छे उपायों और सिंचाई की अधिक सुविधाओं के कारण सम्भव हो सकी। बहुत-सी नई जमीन को खेती योग्य बनाया गया। नहरें निकाली गईं, कुएँ बनाए गए और अन्न पर से राशन हटा लिया गया। कृषि के उत्पादन के साथ-साथ ग्राम्य जनता के जीवन स्तर में भी योजनाबद्ध विकास करने का प्रयत्न किया गया। प्रधान मन्त्री के शब्दों में हमारे सामुदायिक कार्य और राष्ट्रीय विस्तार सेवा प्रथम पंचवर्षीय योजना को गतिशील बनाने वाली शक्ति है। सामुदायिक विकास कार्यक्रम में यह बातें शामिल हैं: खेती के अच्छे तरीके सिखाना, सहायक कुटीर उद्योगों को बढ़ाना, गाँवों के बीच संचार साधन सुधारना, अच्छे मकान बनाना, पंचायतों की स्थापना करना आदि जो कि ग्राम्य जीवन के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं। इस संयुक्त कार्यक्रम के अन्तर्गत १,०५,५५७ गांव अब तक आ चुके हैं और आशा की जाती है कि योजना की समाप्ति तक एक-चौथाई देश इसके अन्तर्गत आ जाएगा।

सिंचाई और बिजली

एक कृषिप्रधान देश के लिए सिंचाई का महत्व पहचानते हुए योजना के निर्माताओं ने सिंचाई और बिजली के लिए ६५३ करोड़ रुपए की राशि निर्धारित की थी। स्वतन्त्रता से पूर्व समूचे देश के लिए सिंचाई और बिजली पर जितनी रकम खर्च की गई थी, यह रकम उससे अधिक है। इस क्षेत्र में सिंचाई के अनेक छोटे-मोटे काम ही नहीं किए गए जैसे नए कुएँ बनाना और पुराने कुओं को सुधारना, बिजली के कुएँ लगाना, पंपिंग सेट लगाना, तालाब और नहरें आदि बनाना। साथ ही भाखड़ा नांगल, दामोदर घाटी कार्पोरेशन, हीराकुड और तुंगभद्रा आदि विशाल अनेक लाभ वाली योजनाओं पर भी तेजी से काम किया गया। हमारे प्रधान मन्त्री ने ८ जुलाई, १९५४ को भाखड़ा नहरें चालू कर दीं और २ जनवरी, १९५५ को राष्ट्रपति डा० राजेन्द्रप्रसाद ने गंगूवाल में इस योजना के पहले बिजलीघर का उद्घाटन किया। दामोदर घाटी योजना के बोकारो बिजलीघर और तलैया पन-बिजली केन्द्र चालू हो चुके हैं। हीराकुड और तुंगभद्रा पर भी सन्तोषजनक प्रगति हो रही है। चम्बल और कोसी जैसी कुछ नई योजनाएँ भी हाथ में ले ली गई हैं। इन योजनाओं की अब तक की प्रगति के फलस्वरूप मार्च, १९५५ तक लगभग ६५ लाख एकड़ अतिरिक्त जमीन में सिंचाई का प्रबन्ध हो गया है और १८ लाख ३० हजार किलोवाट बिजली तैयार होने लगी है।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

योजना से विकास का वह क्रम आरम्भ हुआ जिसका उद्देश्य रहन-सहन का स्तर ऊँचा बनाना और लोगों के लिए सुखी व समृद्ध जीवन की नींव डालना है। आरम्भ में योजना पर २,०६८·७५ करोड़ रुपया खर्च करने की व्यवस्था की गई थी किन्तु बाद में इस राशि को बढ़ाकर २,३२४·५ करोड़ रुपये कर दिया गया। विभिन्न कार्यक्रमों पर व्यय का वितरण इस प्रकार किया गया :

	रुपये
(क) कृषि और सामुदायिक विकास	३७२·६ करोड़
(ख) सिंचाई और बिजली	६५३·५ करोड़
(ग) परिवहन और संचार	५५७·७ करोड़
(घ) उद्योग	१७९·३ करोड़
(ङ) सामाजिक सेवाएँ	३७९·६ करोड़
(च) पुनर्वास तथा अन्य	१८४·८ करोड़

अनुमान है कि सन् १९५४-५५ के अन्त तक योजना पर १,४०·३ करोड़ रुपया व्यय हो चुकेगा। इस प्रकार योजना के अन्तिम वर्ष के लिए विभिन्न विकास कार्यक्रमों पर व्यय करने के लिए ७०१·८ करोड़ रुपया शेष रहेगा। योजना पर अब तक का कार्य बहुत सफल रहा हैं और आशा की जाती है कि प्रथम योजना की समाप्ति तक हमारा ९५ प्रतिशत लक्ष्य पूरा हो चुकेगा।

उत्पादन के लक्ष्य :

योजना में विभिन्न क्षेत्रों के उत्पादन में वृद्धि की व्यवस्था की गई थी, विशेषकर खाद्यान्न, सिंचाई, बिजली और अनेक उद्योगों के सम्बन्ध में निम्न तालिका से आपको प्रथम योजना के लक्ष्य और अबतक की सफलता का संकेत मिलेगा।

योजना की प्रगति

	१९५५-५६ तक का लक्ष्य	१९५४-५५ तक की सफलता
खाद्यान्न	७६ लाख टन अतिरिक्त उत्पादन प्रति वर्ष	प्रति वर्ष लगभग ११६ लाख टन
सिंचाई (अतिरिक्त एकड़ भूमि)	८५ लाख एकड़	९५ लाख एकड़
बिजली	१० लाख ८० हजार किलोवाट	१८ लाख ३० हजार किलोवाट
नई राष्ट्रीय सड़कें	६४० अतिरिक्त मील	४४० अतिरिक्त मील
सूती कपड़ा	४७० करोड़ गज	५०४ करोड़ ६० लाख गज
सामुदायिक कार्य और राष्ट्रीय विस्तार सेवा	१,२०,००० गांव	१,०५,५५७ गांव

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

	१९५५–५६ तक का लक्ष्य	१९५४–५५ तक की सफलता
नए स्कूल (प्रारम्भिक और जूनियर बेसिक)	४७,५३०	२५,७००
नए अस्पताल	२,४०८	२,३८५

योजना की सबसे बड़ी सफलता खाद्यान्न के उत्पादन में वृद्धि है। इस क्षेत्र में १९४९-५० की तुलना में मार्च १९५५ में १ करोड़ २० लाख टन की वृद्धि हुई। यह वृद्धि अच्छी वर्षा, खेती के अच्छे उपायों और सिंचाई की अधिक सुविधाओं के कारण सम्भव हो सकी। बहुत-सी नई जमीन को खेती योग्य बनाया गया। नहरें निकाली गईं, कुएँ बनाए गए और अन्न पर से राशन हटा लिया गया। कृषि के उत्पादन के साथ-साथ ग्राम्य जनता के जीवन स्तर में भी योजनाबद्ध विकास करने का प्रयत्न किया गया। प्रधान मन्त्री के शब्दों में हमारे सामुदायिक कार्य और राष्ट्रीय विस्तार सेवा प्रथम पंचवर्षीय योजना को गतिशील बनाने वाली शक्ति है। सामुदायिक विकास कार्यक्रम में यह बातें शामिल हैं: खेती के अच्छे तरीके सिखाना, सहायक कुटीर उद्योगों को बढ़ाना, गाँवों के बीच संचार साधन सुधारना, अच्छे मकान बनाना, पंचायतों की स्थापना करना आदि जो कि ग्राम्य जीवन के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं। इस संयुक्त कार्यक्रम के अन्तर्गत १,०५,५५७ गांव अब तक आ चुके हैं और आशा की जाती है कि योजना की समाप्ति तक एक-चौथाई देश इसके अन्तर्गत आ जाएगा।

सिंचाई और बिजली

एक कृषिप्रधान देश के लिए सिंचाई का महत्व पहचानते हुए योजना के निर्माताओं ने सिंचाई और बिजली के लिए ६५३ करोड़ रुपए की राशि निर्धारित की थी। स्वतन्त्रता से पूर्व समूचे देश के लिए सिंचाई और बिजली पर जितनी रकम खर्च की गई थी, यह रकम उससे अधिक है। इस क्षेत्र में सिंचाई के अनेक छोटे-मोटे काम ही नहीं किए गए जैसे नए कुएँ बनाना और पुराने कुओं को सुधारना, बिजली के कुएँ लगाना, पंपिंग सेट लगाना, तालाब और नहरें आदि बनाना। साथ ही भाखड़ा नांगल, दामोदर घाटी कार्पोरेशन, हीराकुड और तुंगभद्रा आदि विशाल अनेक लाभ वाली योजनाओं पर भी तेजी से काम किया गया। हमारे प्रधान मन्त्री ने ८ जुलाई, १९५४ को भाखड़ा नहरें चालू कर दीं और २ जनवरी, १९५५ को राष्ट्रपति डा० राजेन्द्रप्रसाद ने गंगूवाल में इस योजना के पहले बिजलीघर का उद्घाटन किया। दामोदर घाटी योजना के बोकारो बिजलीघर और तलैया पन-बिजली केन्द्र चालू हो चुके हैं। हीराकुड और तुंगभद्रा पर भी सन्तोषजनक प्रगति हो रही है। चम्बल और कोसी जैसी कुछ नई योजनाएँ भी हाथ में ले ली गई हैं। इन योजनाओं की अब तक की प्रगति के फलस्वरूप मार्च, १९५५ तक लगभग ६५ लाख एकड़ अतिरिक्त जमीन में सिंचाई का प्रबन्ध हो गया है और १८ लाख ३० हजार किलोवाट बिजली तैयार होने लगी है।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

औद्योगिक उत्पादन

भारत में आज एक औद्योगिक क्रान्ति आरम्भ हो रही है। स्वतन्त्रता के बाद उत्पादन का देशनांक इस समय सर्वोच्च है। हमने रेलों के इंजन और डिब्बे बनाने आरम्भ कर दिए हैं। साइकिलें, सिलाई की मशीनें, रेडियो सेट तथा अनेक प्रकार के औद्योगिक सामान भी देश में ही तैयार होने लगे हैं। कपड़े का उत्पादन इतना है कि हम विदेशों को भी निर्यात कर सकते हैं। सरकार ने कई बड़े कारखानों की स्थापना की है, उदाहरणार्थ सिन्द्री का रासायनिक कारखाना, चितरंजन का इंजन कारखाना, दुर्लभ मिट्टी कारखाना, भारतीय टेलीफोन उद्योग, हिन्दुस्तान केबल्स और पेराम्बूर का सवारी गाड़ी के डिब्बों का कारखाना। भारत ने तीन नये इस्पात कारखाने खोलने का भी फैसला किया है। देश के विभिन्न भागों में लगभग एक दर्जन राष्ट्रीय प्रयोगशालाओं की स्थापना भी की गई है जिससे वैज्ञानिक अनुसन्धान का देश के सर्वतोमुखी विकास में उपयोग हो सके।

संचार

किसी भी देश का आर्थिक विकास बहुत कुछ परिवहन की सुविधाओं पर निर्भर करता है। देश में अनेक नई रेल लाइनें बिछाई जा रही हैं और उन लाइनों को भी फिर से बिछाया जा रहा है जो बीच में उखाड़ ली गई थीं। राष्ट्रीय सड़कों का भी विस्तार किया जा रहा है और ४४० मील लम्बी नई सड़कें बनाई जा चुकी हैं।

समाज कल्याण

देश के स्वतन्त्र होने के तुरन्त बाद एक बहुत बड़ी समस्या पाकिस्तान से आए लगभग १ करोड़ विस्थापित व्यक्तियों के पुनर्वास की थी। सरकार ने इन व्यक्तियों के पुनर्वास के लिए १३० करोड़ रुपये की राशि स्वीकार की। अधिकतर व्यक्तियों को अब जल्दी से जल्दी मुआवज़ा दिया जा रहा है।

अगस्त, १९५३ में एक समाज कल्याण बोर्ड की स्थापना की गई जिसका ध्येय देश में समाज कल्याण के कार्य को प्रोत्साहन देना है। इस बोर्ड ने अन्य समाज कल्याण कार्यों के अतिरिक्त पिछड़े वर्गों की स्त्रियों और बच्चों के कल्याण का काम भी अपने हाथ में ले लिया है।

शिक्षा

आशा की जाती है कि प्रथम पंचवर्षीय योजना की समाप्ति पर देश के प्रत्येक पांच बच्चों में से तीन को प्रारम्भिक शिक्षा की सुविधाएँ उपलब्ध होंगी। १९५५ के अन्त तक २०,००० नए प्राइमरी स्कूल और ५,७०० जूनियर बेसिक स्कूल खोले जाएंगे। आशा की जाती है कि १९५६ तक प्रारम्भिक स्कूलों में विद्यार्थियों की संख्या २ करोड़ ३६ लाख और माध्यमिक स्कूलों में उनकी संख्या ७६ लाख ८१ हज़ार होगी। सार्वजनिक स्वास्थ्य की अधिक सुविधाओं का भी प्रबन्ध किया जा रहा है और इसके लिए नए अस्पताल खोले जा रहे हैं और अधिक जच्चा-बच्चा तथा शिशु-पालन केन्द्रों की स्थापना की जा रही है।

भारत की प्रथम पञ्चवर्षीय योजना एक महान् राष्ट्रीय प्रयास का प्रतीक है। अब तक की सफलता का श्रेय सब के सम्मिलित प्रयत्नों को ही है। यह जनता की योजना है और जनता का कल्याण ही इसका उद्देश्य है। अब तक की सफलता से प्रोत्साहित होकर देश में द्वितीय

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

योजना की रूपरेखा तैयार की जा रही है जिसके अन्तर्गत अगले पाँच वर्षों में अर्थात् १९५६ से १९६१ तक ४३०० करोड़ रुपये की राशि विकास कार्यों पर खर्च की जाएगी।

सामुदायिक विकास योजना कार्य और राष्ट्रीय विस्तार सेवा

भारत की दो तिहाई जनता कृषि पर आश्रित है। इसलिए प्रथम पंच-वर्षीय योजना में ग्रामोन्नति कार्यक्रमों को ही प्राथमिकता दी गयी है जिनके ये उद्देश्य हैं : कृषि के उत्पादन में वृद्धि, समुदाय उन्नति कार्यक्रमों द्वारा रहन-सहन के स्तर में सुधार, और भूमि सुधार के द्वारा ग्राम जीवन का कायापलट।

सामुदायिक उन्नति कार्य और राष्ट्रीय विस्तार सेवा के अन्तर्गत गाँवों की अर्थव्यवस्था को सुधारने और स्वयं गाँव वालों के सहयोग से ग्रामजीवन को सुखी बनाने का सतत सक्रिय प्रयत्न हो रहा है। गाँवों में रहने वाले ६ करोड़ परिवारों में यह भावना उत्पन्न की जा रही है कि उन्हें भी "अच्छी तरह जीने का अधिकार है" और वे लोक-कल्याणकारी राज्य की जिम्मेदारियाँ निभाना सीखें। उन्हें नया ज्ञान और जीवन के नये तरीके सीखने हैं और अधिक सम्पन्न व समृद्ध जीवन की प्राप्ति के लिए दृढ़ संकल्प होना है।

कार्यक्रम में निम्न बातें शामिल की गयी हैं जिन्हें उच्च प्राथमिकता प्राप्त है। वास्तव में, ग्राम जीवन के लगभग सभी पहलू उसके अन्तर्गत आ जाते हैं :

(क) **कृषि उन्नति :** छोटे और बड़े सिंचाई कार्यों, भूमि सुधार, रासायनिक खाद एवं उत्तम बीज वितरण, और कृषि के आधुनिक उपायों द्वारा।

(ख) **उन्नत संचार व्यवस्था :** सड़कों के निर्माण, यंत्रचालित सड़क परिवहन सेवा के प्रोत्साहन और पशु परिवहन के विकास द्वारा।

(ग) **शिक्षा प्रसार :** अनिवार्य और निःशुल्क प्रारम्भिक शिक्षा, हाई और मिडिल स्कूलों, प्रौढ शिक्षा प्रशिक्षण, सामाजिक शिक्षा तथा पुस्तकालयों के उपबंध द्वारा।

(घ) **स्वास्थ्य व्यवस्था :** सफाई, और सार्वजनिक स्वास्थ्य के उपायों, प्रसूति के पूर्व और उपरांत की देखभाल और मिडवाइफों की सेवा द्वारा।

(च) **प्रशिक्षण प्रबंध :** दस्तकारों के लिए ज्ञानवर्धक कार्यक्रमों, कृषकों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रमों, राष्ट्रीय विस्तार सहायकों, निरीक्षकों, प्रबंध कर्मचारियों, स्वास्थ्य कर्मचारियों और योजना कार्य के प्रबंध अधिकारियों द्वारा।

(छ) **रोजगार में वृद्धि :** गांवों में अपूर्ण रोजगार से परित्राण एवं छोटे तथा ग्रामोद्योगों के प्रोत्साहन से रोजगार में वृद्धि, और योजना बद्ध वितरण, व्यापार सहायक तथा कल्याण सेवाओं द्वारा।

(ज) **भवन व्यवस्था :** कम लागत के मकानों के लिए भवन निर्माण के आधुनिक उपायों और नमूनों के प्रोत्साहन और निर्माण में स्थानीय

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

प्राप्य सामग्री के उपयोग द्वारा।

(ज्ञ) **समाज कल्याण** : स्थानीय प्रतिभा और संस्कृति पर आधारित समुदाय मनोरंजन, शिक्षा एवं आमोद के लिए फिल्म प्रदर्शन, स्थानीय खेल व मेलों के आयोजन, सहकारी संस्थाओं व पंचायतों के विकास द्वारा।

संगठन : केन्द्र में इन कार्यक्रमों के संचालक सामुदायिक कार्य प्रशासक हैं। राज्यों में विकास समितियां बनी हुई हैं जो विकास कमिश्नरों की मार्फत कार्य करती हैं। जिलों में, योजना अधिकारी विकास कार्यक्रम तैयार और संगठित करते हैं। प्रत्येक सामुदायिक उन्नति कार्य-क्षेत्र में लगभग ३०० गांव आते हैं। कार्यक्षेत्र अफसर इसका मुख्य अधिकारी होता है और उसकी सहायतार्थ कुछ विशेषज्ञों का एक दल रहता है। समुदाय उन्नति कार्यक्षेत्र सौ-सौ गांवों के तीन विकास खंडों में विभक्त होता है। प्रत्येक विकास खंड की जनसंख्या ६० से ७० हजार तक होती है और इसका मुख्य अधिकारी खंड विकास अफसर कहलाता है। इस शृङ्खला की अंतिम किंतु अत्यंत महत्वपूर्ण कड़ी है ग्रामसेवक। हरेक ग्रामसेवक के इलाके में ५ गांव सामुदायिक उन्नति कार्य के और १० गांव राष्ट्रीय विस्तार सेवा के रहते हैं। गांव वाले अपनी समस्त कठिनाइयाँ ग्रामसेवक के सन्मुख उपस्थित करते हैं जो उन्हें दूर करने के उपाय बताता है, कारवाई की रूपरेखा स्थिर करता है और गांव वालों की सहायता से उसे क्रियान्वित भी करता है। संक्षेप में वह गांव वालों का पथप्रदर्शक और मित्र होता है।

प्रगति के तीन वर्ष

तीन वर्ष हुए महात्मा गांधी की जन्म तिथि २ अक्तूबर १९५२ को यह कार्यक्रम ५५ कार्य-क्षेत्रों में आरंभ किया गया था। शीघ्र ही कार्यक्रम के विस्तार की मांग बढ़ने लगी। आज ये समुदाय उन्नति कार्य, सामुदायिक उन्नति की एक वृहत्तर योजना के अंग बन चुके हैं, जिसे राष्ट्रीय विस्तार सेवा के जरिये कार्यान्वित किया जा रहा है। इस प्रकार अक्तूबर १९५३ से सामुदायिक उन्नति कार्य और विस्तार खण्ड दोनों साथ-साथ चल रहे हैं। पहले उपयुक्त इलाकों को विस्तार खण्डों के लिए चुना जाता है, बाद में इन्हीं में से कुछ को उस तरह के तीव्र विकास के लिए चुन लिया जाता है, जिसका सामुदायिक उन्नति कार्य के अन्तर्गत निदेश है। इलाके चुनते समय मुख्य रूप से इस बात का ध्यान रखा जाता है कि स्थानीय लोगों में अपनी उन्नति के लिए स्वेच्छापूर्वक काम करने की इच्छा कहाँ तक बलवती है और उनमें कितना सामर्थ्य है।

लक्ष्य और अब तक की सफलता

प्रथम पंचवर्षीय योजना की अवधि में लगभग १२,००० गाँव अर्थात् देश की लगभग एक चौथाई ग्रामीण जनता इस कार्यक्रम के अन्तर्गत आ जायगी। अप्रैल १९५५ तक अर्थात् कार्यक्रम आरंभ होने के ढाई वर्ष बाद ८२८ खण्ड स्थापित हो चुके थे जिनके अन्तर्गत ९९,२९२ गाँव और ६ करोड़ २२ लाख जनता आ चुकी थी। इनमें से ३२,९५७ गाँव जिनकी जनसंख्या २ करोड़ है सामुदायिक उन्नति कार्यक्रम के अन्तर्गत और ६६,३३५ गांव जिनकी जनसंख्या ४ करोड़ १८ लाख है राष्ट्रीय विस्तार कार्यक्रम के अन्तर्गत आये थे। इस प्रकार प्रत्येक पाँच ग्रामवासियों में से एक संयुक्त कार्यक्रम के अन्तर्गत आ चुका है। शेष ग्रामीण जनता भी अधिक समय तक इस कार्यक्रम के लाभों से वंचित नहीं रहेगी। लोक कल्याणकारी नये भारत के पथ पर उसे भी अग्रसर होना है। यही बात

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

ध्यान में रखकर भारत सरकार ने यह लक्ष्य निर्धारित किया है कि द्वितीय पंच वर्षीय योजना की अवधि समाप्त होते होते समस्त देश की ग्राम जनता राष्ट्रीय विस्तार कार्यक्रम के अन्तर्गत आ जानी चाहिये।

ग्रामोद्योग

सामुदायिक कार्यों और राष्ट्रीय विस्तार सेवा के द्वारा ग्रामीण इलाके में अपूर्ण रोजगार तो घटा ही है, सभी वर्गों के लोगों के लिए विभिन्न प्रकार के कामों के लिए क्षेत्र बन गया है। द्वितीय पंचवर्षीय योजना के अन्तर्गत जब समूचा देश इस कार्यक्रम के अन्तर्गत आ जाएगा तो देश में कुशल और प्रशिक्षित कर्मचारियों की संख्या साढ़े तीन लाख होगी। इसके अतिरिक्त विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों की अर्थ व्यवस्था में विस्तार होगा, जिसमें कुटीर और छोटे तथा अन्य ग्रामोद्योग आ जाएंगे।

गांधी जी ने ग्रामोद्योगों, दस्तकारियों और कलाओं का महत्त्व पहचान लिया था और इसलिए उनके पुनरुद्धार के आन्दोलन का समारंभ किया था। प्रथम पंचवर्षीय योजना में उनके विकास को महत्त्वपूर्ण स्थान दे दिया गया है और द्वितीय योजना में उन्हें और भी अधिक स्थान मिलेगा। हरेक घर में ग्रामोद्योग शुरू हो जाना चाहिए जिसमें लोग अपनी पुश्तैनी जानकारी और कुशलता का सदुपयोग करें; और सुन्दर कलात्मक कृतियों द्वारा राष्ट्र के धन में और रोज़गार में वृद्धि करें। राज्य सरकारों के सहयोग से ग्रामोद्योगों की उन्नति के लिए एक बोर्ड की स्थापना की जा चुकी है। आगामी पांच वर्षों में यह बोर्ड १४२ करोड़ रुपये खर्च करेगा और ८८ लाख व्यक्ति रोज़गार पा सकेंगे। अखिल भारतीय कर्घा बोर्ड के तत्वावधान में हाथ के कर्घे की बुनाई का विकास होगा और इस प्रकार लाखों व्यक्तियों को रोज़गार मिलेगा। उधर अखिल भारतीय दस्तकारी बोर्ड को यह काम सौंपा गया है कि वह ग्रामोद्योग की वस्तुओं में लोगों की दिलचस्पी बढ़ाये।

बुनियादी शिक्षा

स्वतन्त्र भारत के लिए गांधीजी ने शिक्षा की एक प्रणाली का निरूपण किया था जिसका उद्देश्य बालक अथवा मनुष्य के शरीर, मन तथा आत्मा के सर्वोत्तम गुणों को विकसित करना है। उन्होंने अपनी इस नई शिक्षा प्रणाली को नई तालीम अथवा बुनियादी शिक्षा की संज्ञा दी थी।

इस मूल शिक्षा का उद्देश्य मनुष्य को सर्वतोमुखी विकास द्वारा उसे जीवन संघर्ष के लिए तैयार करना है। यह शिक्षा भ्रातृ-भाव, आत्म-निर्भरता और नेतृत्व आदि गुणों का पोषण करती है।

बुनियादी शिक्षा में मुख्य बल किसी दस्तकारी पर दिया जाता है, उदाहरणार्थ कताई, बुनाई, बाग़बानी, खिलौने बनाना अथवा चमड़े की चीजें बनाना आदि। व्यावहारिक कार्यों से विद्यार्थी अपने वातावरण के प्रति दिलचस्पी पैदा करते हैं और उन्हें अपने पांवों पर खड़ा होने में मदद मिलती है। इस शिक्षा के द्वारा विद्यार्थी जीवन के बाद जीवन संघर्ष में उतरना सुगम बन जाएगा। बुनियादी शिक्षा की योजना का सबसे पहला प्रयोग सेवाग्राम में किया गया था। इसके पश्चात प्रयोग के रूप में अनेक बुनियादी स्कूल देश भर में खोले गए। योजना कमीशन ने सिफारिश की

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

है कि १४ वर्ष तक की आयु के बच्चों को बुनियादी ढंग से शिक्षा दी जाए। कई हजार जूनियर बेसिक स्कूल पिछले तीन वर्षों में खोले जा चुके हैं। आगामी वर्ष में इस प्रकार के और भी स्कूल तेज़ी से खोले जाएँगे क्योंकि केन्द्रीय सरकार ने बुनियादी स्कूलों के विस्तार के लिए राज्यों को सहायता देने का निर्णय कर लिया है।

अस्पृश्यता का अंत

गांधीजी कहा करते थे कि अस्पृश्यता एक ऐसी महामारी है जिसे दूर करना प्रत्येक हिन्दू का धर्म है। लोकतन्त्र समाज में यह कल्पना भी नहीं की जा सकती कि जन्म के कारण कोई ऊँचा हो सकता है और कोई नीचा। हमारे संविधान ने अस्पृश्यता समाप्त कर दी है और किसी भी रूप में अस्पृश्यता बरतना अपराध घोषित कर दिया गया है। हरिजनों के उद्धार के लिए एक राष्ट्र व्यापी कार्यक्रम का परिपालन करने के लिए प्रथम पञ्चवर्षीय योजना में १४ करोड़ रुपये की व्यवस्था है। चूंकि उनकी हीन स्थिति का मुख्य कारण निरक्षरता है, इसलिए हरिजन विद्यार्थियों को स्कूलों, कालेजों में शिक्षा प्राप्त करने के लिए मुफ्त शिक्षा की तथा अन्य क्षात्रवृत्तियों की व्यवस्था की गई है। सरकारी नौकरियों में उनकी संख्या में वृद्धि करने के लिए यह प्रबन्ध किया गया है कि जितनी भी जगह होंगी, उनका एक निश्चित भाग हरिजनों के लिए सुरक्षित रहेगा। उनकी आय में वृद्धि करने के लिए उन्हें व्यावसायिक और टैकनिकल शिक्षण की सुविधा भी दी जा रही है। ग्रामीण इलाकों में जहाँ पर अधिकांश हरिजन या तो बटाईदार हैं अथवा भूमिहीन खेतिहर हैं उन सब को राज्यों के भूमि सुधारों और आचार्य विनोबा भावे के भू-दान आन्दोलन से लाभ होगा। अच्छे मकानों की व्यवस्था करने के लिए हरिजनों को जमीनें दी जा रही हैं और सहकारी संस्थाओं के द्वारा उन्हें ऋण देने का भी प्रबन्ध किया जा रहा है। अस्पृश्यता को अवैध ठहरा दिया गया है और अस्पृश्यता बरतने के लिए दण्ड की व्यवस्था कर दी गई है। फिर भी उसे समाप्त करने का एक ही उपाय है कि अस्पृश्यता के विरुद्ध जनमत तैयार किया जाए। हम सबको चाहिए कि अपने देश से यह कलंक मिटाने के लिए भरसक प्रयत्न करें।

लोक कल्याणकारी राज्य में नागरिकों का दायित्व

नए भारत के निर्माण के महान् कार्यों में, प्रत्येक भारतीय साझीदार है। इसमें सभी क्षेत्र आ जाते हैं। आर्थिक क्षेत्र में, राष्ट्र की विकास योजनाओं के लक्ष्य पूरा करने के दायित्व आते हैं। राजनैतिक क्षेत्र में, हमें अपनी सरकार स्वयं चुनने का अधिकार प्राप्त है। इस अधिकार का उपयोग हम केन्द्र और राज्यों के विधान मण्डलों के चुनाव में मत-दान द्वारा करते हैं। इस प्रकार मत-दान का अधिकार एक विशेष अधिकार है जिसका उचित उपयोग किया जाना चाहिए। प्रत्येक भारतीय जिसकी आयु २१ वर्ष हो हो चुकी है, मतदान का अधिकारी है। प्रत्येक ५ वर्ष में लोकसभा और राज्य विधान सभाओं के चुनाव होते हैं। मत डालने के पहले यह जान लेना जरूरी होता है कि मतदाता का जो विवरण दिया गया है वह मत-

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

दाता सूची में सही-सही लिखा गया है या नहीं। यदि आपका नाम मतदातासूची में नहीं है तो आपको पहले अपने चुनाव क्षेत्र के मतदान पंजीकरण कार्यालय को लिखना चाहिए जिससे कि आप का नाम सूची में लिख लिया जाए।

मतदान के दिन सार्वजनिक छुट्टी रहती है जिससे कि सब लोग सुविधापूर्वक मतदान में भाग ले सकें। चुनाव केन्द्रों के बाहर चुनाव अधिकारी से आपको एक परचा मिलता है। आपके अन्दर जाने पर एक और अधिकारी उस परचे की जाँच-पड़ताल करता है, आपको चुनाव-पत्र दे देता है और आपके बाएँ हाथ की तर्जनी पर ऐसी स्याही से निशान लगा देता है जो मिट नहीं सकती। इसके बाद आपको उस स्थान पर पहुँचा दिया जाता है जहाँ चुनाव पेटियाँ रहती हैं और जहाँ आप बिलकुल अकेले रहते हैं ताकि स्वेच्छापूर्वक मतदान कर सकें। चुनाव पेटियों पर अलग-अलग उम्मीदवारों के अलग-अलग चिह्न रहते हैं। मत-दान पत्र को बिना मोड़े या किसी तरह खराब किए आपको उस उम्मीदवार की पेटी में डालना होता है जिसके पक्ष में आप मत दान करना चाहते हैं। यह मतदान लोकसभा के लिए रहता है। बाहर आने पर आपको दूसरा चुनाव पत्र दिया जाता है जिसे आपको उसी प्रकार राज्य विधान सभा के उम्मीदवार के लिए डालना होता है। इस प्रकार आप लोकसभा और राज्य सभा के लिए मतदान करते हैं।

लोकतन्त्र की रक्षा के लिए यह नितान्त आवश्यक है कि मतदान शांतिपूर्वक और न्यायपूर्ण ढंग से हो। इसलिए आशा की जाती है कि आप कुछ नियमों का पालन करेंगे। उदाहरणार्थ

(क) आप किसी उम्मीदवार की या उसकी पार्टी की ओर से दी जाने वाली सवारी का उपयोग नहीं करें;

(ख) दूसरे मतदाता के स्थान पर आप मतदान न करें क्योंकि ऐसा करना विधि के अन्तर्गत दण्डनीय अपराध है;

(ग) मतदान के समय आप न तो चुनाव पेटियों में ही किसी तरह की गड़बड़ करें और न उन पर चिपके हुए चिह्नों को ही खराब करें;

(घ) आप यह न बताएं कि आपने किसको मत दिया;

(ङ) चुनाव केन्द्र के चारों ओर १०० गज के फासले में आप न तो किसी उम्मीदवार के लिए कोशिश करें और न किसी तरह का चिह्न ही प्रदर्शित करें।

(च) यदि आप सरकारी कर्मचारी हैं तो आप किसी उम्मीदवार के लिए कोशिश न करें और आपका व्यवहार इस प्रकार का हो कि आपकी निष्पक्षता में किसी को सन्देह न हो।

नागरिकों के रक्षा संगठन

देश की प्रतिरक्षा में नागरिकों का सहयोग प्राप्त करने के लिए और उन्हें आत्म-विश्वास एवं अनुशासन की शिक्षा देने के लिए नागरिकों के अनेक रक्षा संगठनों का आयोजन किया गया है। असैनिकों को सैनिक शिक्षा देने के लिए सबसे पहले प्रादेशिक सेना की स्थापना की गई। इसमें १८ से ३५ वर्ष तक की आयु के सभी स्वस्थ नागरिक सम्मिलित हो सकते हैं। जो लोग इस सेना में भर्ती होते हैं उन्हें ७ वर्ष के लिए कोर में रखा जाता है और ८ वर्ष के लिए रिज़र्व में। यदि आप गाँव के रहने वाले

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

हैं तो आप प्रान्तीय शाखा में सम्मिलित हो सकते हैं जहां ३० दिन के प्रशिक्षण की व्यवस्था है। शहरों के और कस्बों के रहने वालों के लिए १२० घण्टों के प्रशिक्षणकी व्यवस्था है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक दलकी स्थापना पिछले वर्ष की गई थी। इसका उद्देश्य ५ वर्ष में पांच लाख व्यक्तियों को प्रारम्भिक सैनिक शिक्षा देना है। १८ से ४० वर्ष तक की आयु के सभी स्वस्थ व्यक्ति इसके सदस्य हो सकते हैं। सैनिक सेवा की शर्त इसके लिए अनिवार्य नहीं है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में अशिक्षित लोगों को साक्षर बनाने का कार्य भी सम्मिलित किया गया है। ३० दिन में उन्हें इतना प्रशिक्षित कर दिया जाता है कि वे देश के प्रत्येक रक्षा के विकास कार्यों में भाग ले सकें। देश के नवयुवकों के लिए राष्ट्रीय केडेट कोर की स्थापना की गई है। इस कोर में स्थल सेना, नौ सेना और वायु सेना की टुकड़ियाँ रहती हैं और ये बड़े युवकों, छोटे बच्चों और लड़कियों के लिए अलग-अलग विभागों में विभक्त है। सैनिक प्रशिक्षण के साथ-साथ राष्ट्रीय केडेट कोर के केडेट ३ सप्ताह के वार्षिक कैम्पों में सामाजिक कार्य करते हैं। वे ग्रामवासियों को सड़कों, नहरों, तालाबों के निर्माण में सहायता देते हैं और साक्षरता प्रसार व डाक्टरी सहायता के कार्यों में भी मदद करते हैं। उन लड़कों और लड़कियों के लिये जो राष्ट्रीय केडेट कोर में स्थान नहीं पाते, सैनिक प्रशिक्षण की माँग को पूरा करने के लिए सहायक केडेट कोर की स्थापना की गई है। यह कोर राष्ट्रीय केडेट कोर के संचालक के निरीक्षण में कार्य करता है।

नेशनल सेविंग्स सर्टिफिकेट्स

बारह वर्षीय सर्टिफिकेट्स

खरीदने के समय मूल्य : ५ रु०, १० रु०, ५० रु०, १०० रु०, ५०० रु०, १,००० रु०, और ५,००० रु०।

भुनाने के समय मूल्य : ७ रु० ८ आ०, १५ रु०, ७५ रु०, १५० रु०, ७५० रु०, १,५०० रु०, और ७,५०० रु०।

सात वर्षीय सर्टिफिकेट्स

खरीदने के समय मूल्य : ५ रु०, १० रु०, ५० रु०, १०० रु०, १,००० रु०, और ५,००० रु०।

भुनाने के समय मूल्य : ६ रु० ४ आ० १२ रु० ८ आ०, ६२ रु० ८ आ०, १२५ रु०, १,२५० रु० और ६,२५० रु०।

पंच वर्षीय सर्टिफिकेट्स

खरीदने के समय मूल्य : ५ रु०, १० रु०, ५० रु०, १०० रु०, १,००० रु० और ५,००० रु०।

भुनाने के समय मूल्य : ५ रु० १२ आ०, ११ रु० ८ आ०, ५७ रु० ८ आ०, ११५ रु०, १,१५० रु० और ५,७५० रु०।

दस वर्षीय ट्रेजरी सेविंग्स डिपोजिट सर्टिफिकेट्स

२५,००० रुपये तक पूंजी जमा करने के लिए ली जाती है बशर्ते कि

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

जमा की जाने वाली रकम १०० रुपया या उसका कोई अपवर्त्य हो। एक व्यक्ति के नाम से अधिकतम २५,००० रुपये जमा किये जा सकते हैं। व्याज की वार्षिक दर ३॥ प्रतिशत है।

दस वर्षीय नेशनल प्लेन सर्टिफिकेट्स

खरीदने के समय मूल्य—२५ रु०, ५० रु०, १०० रु०, ५०० रु०।

भुनाने के समय मूल्य—३६ रु० ४ आ०, ७२ रु० ८ आ०, १४५ रु०, ७२५ रु०।

एक व्यक्ति अपने नाम अधिक से अधिक २,५०० रुपये के सर्टिफिकेट रख सकता है।

पन्द्रह वर्षीय ऐन्युटी सर्टिफिकेट्स

प्रचालन मूल्य—३,५०० रु०, ७,००० रु०, १४,००० रु० और २८,००० रु०।

एक व्यक्ति अपने नाम अधिक से अधिक २८,००० रुपये के सर्टिफिकेट्स रख सकता है। प्रत्यर्पण, ३॥ प्रतिशत वार्षिक चक्रवृद्धि व्याज लगाकर, १५ वर्ष तक नियमित मासिक अदायगी के रूप में होता है।

पोस्ट आफिस सेविंग्स बैंक अकाउंट

१०,००० रुपये जमा-धन पर २ प्रतिशत की दर से और बकाया रकम पर १५,००० रुपये तक १॥ प्रतिशत की दर से व्याज दिया जाता है।

आयकर की दरें

प्रत्येक विवाहित व्यक्ति और प्रत्येक हिन्दू अविभक्त परिवार के लिए—

		दर	अधिभार
१.	कुल आय के पहले २,००० रु० पर	+	+
२.	कुल आय के अगले ३,००० रु० पर	६ पाई प्रति रु०	पहले कालम में निर्दिष्ट दर का बीसवाँ भाग
३.	कुल आय के अगले २,५०० रु० पर	१ आना ६ पाई प्रति रुपया	....
४.	कुल आय के अगले २,५०० रु० पर	२ आना ३ पाई प्रति रुपया	....
५.	कुल आय के अगले ५,००० रु० पर	३ आना ३ पाई प्रति रुपया	....
६.	कुल आय के शेष भागपर	४ आना प्रति रु०	....

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

भारतीय साहित्य के विश्वविख्यात प्रकाशक
और विक्रेता (लाहौर वाले)

मोतीलाल बनारसीदास

का दिल्ली कार्यालय ७८ चांदनीचौक, (कुमार टाकीज) तथा
स्टेट बैंक आफ इण्डिया के सामने आ गया है।
पोस्ट बाक्स नं० वही १५८६ है।

हमारी बनारस ब्रांच का पता यह है :—

मोतीलाल बनारसीदास
नैपाली खपरा, पो० बा० ७५, बनारस।

और पटना ब्रांच का पता यह है :—

मोतीलाल बनारसीदास
बांकीपुर, पटना।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

अवतरणिका

"ज्योतिश्चक्रस्य केन्द्राय जगतः स्थितिरूपिणे । त्रिनेत्रनेत्ररूपाय ग्रहेशाय नमो नमः ॥"

इस पृथिवी के याम्योत्तरीय दोनों ध्रुवों के मध्य समानान्तर में जिस वृत्त की कल्पना है उसे विषुवद्वृत्त कहते हैं, और सूर्य के गमन मार्ग को क्रान्तिवृत्त कहते हैं। यह क्रान्तिवृत्त जहां विषुवद्वृत्त को काटता है उसे अयन सम्पात कहते हैं। यह वर्ष में दो बार होता है, एक सायनमेष संक्रान्ति के समय वसन्तसम्पात, दूसरा सायनतुला संक्रान्ति के समय शरत्सम्पात। यह भचक्र रेवती के अन्तिम भाग से २७ अंश दोनों ओर जाकर लौटता है। एकबार में २६००० वर्ष का समय लगता है। रेवती योग तारा से जो सम्पात की दूरी है उसे अयनांश कहते हैं "स्फुटदृक्तुल्यां गच्छेदयने विषुवद्द्वये।" सायन कर्कसंक्रान्ति और सायन मकरसंक्रान्ति एवं सायन मेषसंक्रान्ति तथा सायन तुलासंक्रान्ति के समय अयन चलन स्पष्ट दीखता है। इसी अयन चलन एवं वेधोपलब्ध अयनांश तथा आरम्भ स्थान सम्बन्धी मतभेद होने से आज ज्योतिष संस्थाओं में मतभेद बढ़ता ही जा रहा है। इसी का यह परिणाम है कि प्रायः दाक्षिणात्यों के पंचाङ्गों में मलमास संक्रान्ति निरयन ग्रहों में बहुधा अवाञ्छनीय अंशों तक का अन्तर देखने में आता है। इसी अयनांश को बहुधा १९ से लेकर २४ तक मानने वाले देखे जाते हैं। परन्तु हमने आर्ष वाक्यों का समादर कर पञ्चाङ्गनिर्माण को एक महान् एवं लौकिक व्यवहार तथा धर्म का प्रधान उत्तरदायित्वपूर्ण कार्य समझते हुए श्री मार्तण्ड पञ्चाङ्ग में सूक्ष्म अयनांश का साधन करने में सम्प्रति बहुसम्मत चित्रापक्षीय मत को और श्री १०५ धर्म मार्तण्ड बघाटनरेश जी के आदेशानुसार धर्म-शास्त्र सम्मत तिथ्यादि साधन में अदृश्य (आर्ष) गणना को ही स्वीकार किया है। आचार्य कमलाकर ने अपने सिद्धान्ततत्त्वविवेक में लिखा भी है—

"अदृष्टफलसिद्ध्यर्थं यथार्काद्युक्तितः कुरु। गणितं यदि दृष्टार्थं तद्दृष्टं युद्भवः सदा ॥"

शाकल्यसंहिता में भी—

"तिथ्यादिसाधने क्वापि नार्केन्द्वोर्बीजयोगिता। राहुदर्शनतोऽन्यत्र दृक्सिद्धा नेष्यते तिथिः ॥"

उधर स्पष्टग्रहों के विषय में फलितज्योतिष के श्री केशवाचार्यादिकों ने "यत्पक्षे हि घटन्त" तथा "यान्ति संसाधिताः खेटा येन दृग्गणितैक्यताम्" इत्यादि लिखकर वर्ष प्रश्न के लिये तात्कालिक दृक्पक्षीय गणित को ही स्वीकृत किया है। तदनुकूल हमने भी नये ध्रुवे के अनुसार विशेष परिश्रमपूर्वक दृक्पक्षीय दैनिक सूक्ष्मग्रह स्पष्ट करके लिखे हैं जो यन्त्रों द्वारा वेध करके आकाश में प्रत्यक्ष दिखाये जा सकते हैं। जो दैनिक ग्रहों के साथ लिखा हुआ सूर्य है वह वेधोपयोगी दृक्पक्षीय है, और तिथ्यादि के सामने लप्टर में जो दैनिक सूर्य लिखा हुआ है वह सूर्यसंक्रमण एवं क्षयाधिकमासनिर्णयार्थ सौरपक्षीय है, क्योंकि महाकवि कालिदासजी ने लिखा है—

"श्रीसूर्यसिद्धान्तमतोद्भवार्कसाध्यौ तदा तावधिकक्षयाख्यौ।
मासौ तथा संक्रमकाल एव साध्यः सदा हौरिकशास्त्रविद्भिः ॥"

प्रश्न मुहूर्तादिक में चन्द्रमा का स्पष्ट नवांशादि देखने के लिए दस दस घटी के अन्तर पर (दिन में ६ बार) सौरपक्षीय चन्द्रस्पष्ट भी कठिन परिश्रम करके लिखा है, जोकि आप को अन्य किसी भी पञ्चांग में नहीं मिलेगा।

इस पञ्चांग का फलित लेखन एवं अन्य उपयुक्त विषयों का सङ्कलन मेरे पूज्य श्रीपिताजी (प्रधान सम्पादक) ने किया है, और गणितादि का सम्पूर्ण कार्य मुझ अल्पज्ञ ने किया है। यद्यपि मैंने श्री पूज्य ज्येष्ठ भ्राता साहित्याचार्य श्री सत्यव्रतजी शास्त्री कविवर्य के तत्त्वावधान में अपने अनुज शक्तिधर शास्त्री के साथ सम्पूर्ण गणित किया है, तथापि यह अङ्कजाल बड़ा ही गहन है, अतः कदाचित् "गन्तुर्हि स्खलनं भवेत्" —"भ्रान्तिर्मनुष्यधर्मः" इस न्याय से प्रमादवश कोई त्रुटि अथवा लिखने छापने की कोई अक्षम्य अशुद्धि रह गई हो तो उसे विद्वान् निर्मत्सर हो दयार्द्रदृष्ट्या सुधार कर अपने नूतन सुझाव के साथ सूचित करने की कृपा करें यही नम्र निवेदन है—

श्रीमार्तण्ड भवन कुराली	निर्मत्सराणां सतामनुचरः—
(अम्बाला)	प्रियव्रतशर्मा शास्त्री (पञ्जाब) साहित्याचार्य-
ज्ये. शु. २ सं. २०१२	(राजस्थान) सिद्धान्त ज्योतिषाचार्य (काशी)

आभार प्रदर्शन

मुझ जैसे अल्पज्ञ को ज्योतिष सिद्धान्त का पूर्ण ज्ञान तथा काशी की कठिन ज्योतिषाचार्य परीक्षा में सफलता प्राप्त करवाने का सम्पूर्ण श्रेय श्रीगुरुवर्य्य श्री ६ अच्युतानन्दजी झा ज्योतिषाचार्य्य प्रो. संस्कृत कॉलेज खुर्जा वालों को है और आधुनिक भूमण्डलीय सूर्यग्रहणादि-दृश्यगणित में निपुण कराने का श्रेय मेरे श्रीपिताजी के मित्र जयपुर पञ्चांगकर्ता श्री गुरुवर्य श्री ६ पं० वंशीधर ज्योतिर्भूषण सिमारला वालों को है, अतः मैं सफल होकर श्रद्धा भक्ति युक्त चित्त से इनों के चरणों में नतमस्तक होकर आभार प्रदर्शन करता हूँ। (प्रियव्रत शर्मा)

कात्यायनोक्त नक्षत्रों के अन्य समर्थक

गत वर्षों के श्री मार्तण्ड पञ्चाङ्ग पढ़ने वाले विद्वज्जन इस बात से पूर्ण परिचित हैं, कि कात्यायनोक्त श्रवणादि नक्षत्रचतुष्टयी में विवाह करने के पक्ष में काशी जम्मू काश्मीर पटियाला उज्जैन दरभंगा जयपुर गढ़वाल मुंबई तथा पूर्वपिञ्जाब के सैकड़ों धुरन्धर विद्वानों ने अपने २ सम्मतिपत्र भेज कर इनका समर्थन किया है। अब भी कोई न माने तो दुराग्रह ही कहा जायेगा। अनेकों नये सम्मतिपत्र मिल रहे हैं, जिनको स्थानाभाव से नकल नहीं दे सके। केवल परिचयार्थ उन विद्वानों में से कुछेक विशिष्ट विद्वानों के नाम मात्र लिख रहे हैं।

१ श्री पं. भद्दाभिराम जी साहित्य न्यायमीमांसाचार्य कलकत्ता विश्वविद्यालय संस्कृत विभागाध्यक्ष। २. श्री पं० वृद्धिचन्द्रजी धर्मशास्त्र व्याकरणाचार्य महाराज सं. कालेज जयपुर। ३. श्री पं० जगदीश जी कथाभट्टसाहित्याचार्य साहित्य प्रोफेसर महाराज संस्कृत कालेज जयपुर। ४. श्री पं० घनश्याममिश्र शास्त्री कर्मकाण्डभूषण, मु. साम्बा (जम्मू) आदि २।

वेद एक था या चार इसका उत्तर विवाहादिमुहूर्तों के पृष्ठों के बाद देखिये।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri Funding by MoE-IKS

मूक प्रश्न का अनुभूत प्रकार

बिना पूछे किसी के मन का प्रश्न कह देने से ज्योतिषी की मानप्रतिष्ठा विशेष होती है और ज्योतिश्शास्त्र पर प्रष्टा की श्रद्धा भी बढ़ती है। एतदर्थ हम श्री मार्तण्डपञ्चाङ्ग प्रेमी पण्डितों के हितार्थ अनुभव सिद्ध मूक प्रश्न का प्रकार लिखते हैं, जिस से मूक प्रश्न पूर्ण मिलता है। स्मरण रहे कि प्रश्नकालिक शुद्ध स्वदेशीय लग्न स्पष्ट तथा तात्कालिक सूक्ष्म ग्रह स्पष्ट बनाने में गलती न हो। हमारे पञ्चाङ्ग के दैनिक ग्रह स्पष्टों से केवल घटचादि चालन द्वारा तात्कालिक प्रश्नोपयोगी सूक्ष्म ग्रह आते हैं।

प्रश्न कथन प्रकार—प्रश्न कुण्डली में नव ग्रहों में से इष्टदेव नमस्कृति पूर्वक देखिये जो ग्रह अधिक बली (उच्च, स्वराशि, मित्रराशि, मूलत्रिकोण, केन्द्रस्थ, स्वनवांश, वर्गोत्तमांश अर्थात् जिस राशि का ग्रह हो नवांश में भी उस राशि का) हो, वह लग्न से जिस भाव में हो उस भाव का निःसन्देह प्रश्न कहे। यदि उस ग्रह की स्थिति द्वारा दो तीन प्रश्न निकलें तो उनमें से प्रष्टा की परिस्थिति,आयु,देश और कालादि का विचारकरके बुद्धिद्वारा जो ठीक बैठे वही प्रश्न कहे। जैसे किसी ने प्रश्न किया तो उस समय अन्य ग्रहों से बली राहु मिला और वह बैठा भी लग्न में है, तो राहु के प्रथम भाव में होने से पुत्र और विद्या का प्रश्न समझें। ऐसे दो प्रश्न निकले,अब प्रष्टा की ओर देखा तो उसकी आयु १६वर्ष के लगभग है तो पुत्र एवं विद्या दोनों प्रश्नों में से ज्योतिषी को चाहिये कि उसे कहे आपका विद्या सम्बन्धी प्रश्न है। अगर वही प्रष्टा बड़ी उमर का हो तो पुत्र विद्या दोनों में से पुत्र का प्रश्न कहना युक्तिसंगत था, इत्यादि बुद्धिमान् ज्योतिषी को चाहिये कि मूक प्रश्न कहने के लिये शास्त्र और बुद्धि दोनों का उपयोग करके जो निकले वही कहे तो सत्य होगा।

सूर्य—

१ भाव में बली-शरीर संबंधी प्रश्न
२ ,, में—धन सम्बन्धी
३ ,, में—झगड़े का प्रश्न
४ ,, में—जय उच्चता का
५ ,, में—पुत्र सम्बन्धी
६ ,, में—यात्रा सम्बन्धी
७ ,, में—स्त्री सम्बन्धी
८ ,, में—जहाज बेड़ी दरिया जल सम्बन्धी
९ ,, में—यात्रा विदेश संबन्धी
१० ,, में—राज कर्म संबन्धी
११ ,, में—धन लाभ क्रयविक्रय विषयक
१२ ,, में—शत्रु झगड़ा परदेश खर्च का प्रश्न समझे

चन्द्रमा—

१ भाव में बली होकर बैठा हो तो-क्षेत्र धन और भोजनका प्रश्न
२ भाव में—धन और झगड़े का
३ ,, में–वर्षा जल का
४ ,, में—माता व मकान का
५ ,, में—पुत्र का
६ ,, में—रोग का
७ ,, में—स्त्री का
८ ,, में—भोजन चिन्ता
९ ,, में—मकान का
१० भाव में—यात्रा का
११ ,, में—क्षेत्र खाता दुष्ट पुरुष, पवित्रता वस्त्र कपड़े आदि का
१२ ,, में—नष्ट वस्तु के लाभ का

मंगल—

१ भाव में बली हो तो—भय वा झगड़े का प्रश्न कहे।
२ भाव में—नष्ट वस्तु का
३ ,, में-भाई व मित्र वा क्लेश का
४ ,, में—मित्र या वैरी वा चौपाया व क्रयविक्रय का
५ ,, में—क्रोध, नीति नौकरी का
६ ,, में—सोना, सिक्का कली चांदी का,
७ ,, में—नष्ट वस्तु, नौकर,धन, घर जमीन का
८ ,, में—यात्रा का
९ ,, में—झगड़े का
१० ,, में—शत्रु के आने का
११ ,, में—लाभ का
१२ ,, में—युद्ध झगड़े का

बुध—

१ भाव में हो तो—शस्त्र व सुख का प्रश्न समझें।
२ ,, में—वस्त्र, धन, शरीर का
३ ,, में—सास भाई का
४ भाव में—बावली, जल, खेती बगीचा का
५ ,, में—सन्तान और कार्य-सिद्धि का
६ ,, में—कार्यसिद्धि धन, खोई हुई गुप्त स्त्री की मैत्री का
७ ,, में—पक्षी और स्त्री का
८ ,, में—राजा व आज्ञा नष्ट चीज का
९ ,, में—पशु पक्षी का
१० ,, में—शास्त्र,कथा व सुख का
११ ,, में—धन लाभ का
१२ ,, में—पाखण्ड,द्रोह छल और सुख का

गुरु—

१ भाव में बली हो तो—सुख का प्रश्न समझो।
२ ,, में—धन, कल्याण, सुखका
३ ,, में—संबन्धी श्वसुर का
४ ,, में—कुल संबन्धी विवाह का
५ ,, में—पुत्र, प्रीति, विवाह का
६ भाव में—स्त्री, विवाद, और गर्भ का
७ ,, में—अर्थ द्रव्य मंत्र सिद्धि
८ ,, में—सूम का
९ ,, में—परदेश, मार्ग, धन प्राप्ति का
१० ,, में—मित्र फूटना और सुख का
११ ,, में—स्थिति, सुख का
१२ ,, में—यश का

शुक्र—

१ भाव में बली हो तो इष्ट देव नाचना और मित्र सुख का
२ भाव में—रत्न धन और वस्त्र का
३ ,, में—स्त्री,गर्भ,बहिन भाई का
४ ,, में—विवाह, सुख का
५ ,, में—मित्र, भाई और पुत्रका
६ ,, में–गर्भोत्पत्ति का
७ ,, में—स्त्री, योगाभ्यास और प्रीति का
८ भाव में—दूसरे की स्त्री का
९ ,, में—स्वप्न का
१० ,, में—श्रेष्ठ कर्म का
११ ,, में—स्त्री व झगड़े का
१२ ,, में—नष्ट वस्तु का

शनि—

१ भाव में बली हो तो—रोग वा स्त्री का
२ भाव में—विद्या पुत्र का
३ ,, में—भाई के नाश का
४ ,, में—स्त्री के दूध व अन्य दूध का
५ ,, में—दो पुरुषों की कार्य सिद्धि का
६ ,, में—शत्रु का
७ ,, में—स्त्री वा पुत्र का
८ ,, में—व्यापार का
९ ,, में—यात्रा का
१० ,, में—धन वा आरोग्य का
११ ,, में–विद्या वा यश का
१२ ,, में—शुभकर्म, खर्च अथवा शुभ कर्म में खर्चका प्रश्न कहे।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

ग्रह | केतु

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri Funding by MoE-IKS

२ „ में—मकान का ... ३ „ में— ... में—पुत्र प्रीति विवाह का ... प्रीति का ... शुभ कर्म में खर्चका प्रश्न कहें

राहु

१ भाव में हो तो—पुत्र और विद्या का प्रश्न समझे
२ „ में—यश वा आरोग्य का
३ „ में—मित्र वा भाई का
४ „ में—स्त्री सुख का
५ „ में—द्रव्य का
६ „ में—व्यापार का
७ „ में—अन्य देश का
८ „ में—नष्ट द्रव्य कूप जमीन धन का
९ „ में—जय का
१० „ में-शोक दुःख वा भय का
११ „ में—लाभ का
१२ „ में—विवाह खर्च वा विवाह का खर्च

केतु

१ भाव में हो तो—लाभ वा खर्च का
२ „ में—मैत्री वा जय का
३ „ में—शोक पुत्र भाई का
४ „ में—द्रव्य वा वृक्ष का
५ „ में—स्त्री नौकर वा अधिकार का
६ „ में—नृत्य गायन वा रोग का
७ „ में—मन्त्र सिद्धि का
८ „ में—क्रूर कर्म वा मरने का
९ „ में—विद्याभ्यास वा पर स्त्री संग का
१० „ में—घर मकान वा सुख का
११ „ में—सब प्रकार के लाभ का
१२ „ में—नष्ट वस्तु, नजर वा खर्च का प्रश्न कहना चाहिए

नोट—मूक प्रश्न विषयक अन्य चमत्कारी संकेत भी आगामी वर्ष के पञ्चाङ्ग में लिखे जावेंगे।

मंत्रों का अद्भुत चमत्कार

मननात्त्रायते यस्मात्तस्मान्मन्त्रः प्रकीर्तितः। जपात्सिद्धिर्जपात्सिद्धिर्जपात्सिद्धिर्न संशयः॥

मन्त्र ऐसे दिव्यशब्दों का समूह होता है कि जिनके दृढ़ इच्छा शान्ति पूर्वक उच्चारणमात्र से ही हम अलौकिक काम कर सकते हैं, थोड़े शब्दों में इसी का नाम मन्त्र है। इसमें शब्दों का ऐसा क्रम दिया जाता है कि उनके मौन या अमौन अवस्था में उच्चारणमात्र से शून्य महाकाश में एक विचित्र कंपन (स्वरलहरी) उत्पन्न होता है। जिसमें रचना करने की तथा इच्छित वस्तु को आकर्षित करने की बड़ी प्रबल शक्ति होती है और वह मानसिक तथा भौतिक आकृतिपर आश्चर्यजनक प्रभाव डालने के साथ-साथ जिन कामों को हम असम्भव समझते हैं या वर्षों में भी नहीं कर सकते, उन्हें वह दिव्यशक्ति चन्द मिनटों में पूर्ण कर सकती है।

मन्त्र शास्त्रों का कथन है कि वेदमन्त्रों को ब्रह्मा ने शक्ति प्रदान की थी। तांत्रिक मन्त्रों को भगवान शिव ने शक्तिमान् बनाया। इसी तरह कलियुग में शिवावतार श्री शावरनाथ जी ने शावरमन्त्रों को अद्भुत शक्ति प्रदान की है। मन्त्र का पुरश्चरण करते हुए गुप्त रक्खें, प्रकट करने में उस किये हुए पुरश्चरण का प्रभाव कम वा नहीं के बराबर रह जाता है। ऐसी गलती होने पर पुनः गुप्तरीति से पुरश्चरण करे अत्युत्कट प्रभाव होगा।

शावरी मन्त्रों के चमत्कार—कलियुगी क्षुद्रजीवों के उपकारार्थ श्री शावरनाथजी ने शावरीमन्त्रों का निर्माण किया है। शावरीमंत्र अनमिल बेजोड़ शब्दों का एक समूह होता है जिसके प्रायः कोई अर्थ नहीं होते परन्तु श्री शंकरजी के प्रताप से वह असर से खाली नहीं है। श्री गो० तुलसीदास जी ने इस विषय में क्या ही अच्छा कहा है—

अनमिल आखर अर्थ न जापू। प्रकट प्रभाव महेशप्रतापू॥

नोट—स्मरण रहे इन मंत्रों को जैसा लिखा वा बतलाया गया हो वैसा ही जपना और बोलना चाहिए। अपनी बुद्धि के घोड़े दौड़ाकर किसी शब्द वा अक्षर को न्यूनाधिक न करें।

यंत्र विज्ञान

अनन्त अज्ञात प्रकृति के अन्तराल में मानवज्ञान से परे कितनी अपार एवं महाशक्तियां छिपी पड़ी हैं इसकी गणना कौन कर सकता है? मनुष्य ज्ञानके उस अपार सिन्धु के किनारे भटकता रहता है और कभी एक दो पुलिन पर पड़े सीप या मोती पा जाता है, वह समझता है कि बस यहीं समाप्त है, इतना ही सब कुछ है, महर्षियों की कठोर साधना ने उन्हें जहां पहुंचा दिया था, वहां उनके लिए स्थूल और सूक्ष्म के सारे रहस्य हस्तामलकवत् थे। प्रकृति के उदर का विशाल प्रान्त उनकी दृष्टि के सामने अनावृत था। उन्होंने उससे देखा उसकी छानबीन की उसका पता लगाया और उसमें से जितना उन्हें लोककल्याण के लिए आवश्यक प्रतीत हुआ, प्रसंगवश जितने की आवश्यकता पड़ी उसे वे जगत् में प्रगट कर गये। यंत्रविज्ञान उन तपोमूर्त्ति ऋषियों की एक उदार देन है, पुरश्चरण के बाद उसके अन्दर एक महाशक्ति उत्पन्न होती है। ऋषियों ने बतलाया है कि कामना या उद्देश्य भेद से एक ही यंत्र जो रेखाओं से नियंत्रित होने के कारण ही यंत्र कहलाते हैं, विभिन्न वस्तुओं से विभिन्न पदार्थों पर सीधे वक्र उलटे आदि क्रमों से बनाया जाता है। जैसा उद्देश होता है वैसा ही विधान के अनुसार ये यंत्र बीज मन्त्रों से अथवा देवताओं के अंग रूप रेखाचित्र या मण्डलाकृति से बनाये जाने का प्रकार है। किंबहुना मन्त्र की भांति यंत्र भी एक स्वतंत्र एवं शक्तिशाली विज्ञान है। जिन कार्यों में औषधि और मानवी बुद्धि असमर्थ हो जाती है, वह भी श्रद्धापूर्वक सिद्ध किये यंत्रों द्वारा बड़ी सरलता से सिद्ध होते देखे गये हैं।

आंख फोला झाड़ने का मन्त्र

इन्द्र तारा की सात बेटी सातों कान्धे कुदारी, सातों चली फोला काटने, फोला काटो आंखें राखो, दोहाई ईश्वर महादेव, नैना योगिनी कामरू कामक्षया, गौरा पार्वती को।

विधि—लोहे की करद लेकर मन्त्र पढ़ता जावे, इस तरह सात लकीरें खींचे सात मन्त्र पढ़कर फिर मन्त्र पढ़ता जाय और एक लकीर को काट कर मुख से आंख की तरफ फूंक मारदे इस तरह सात लकीरों को काटे फिर करद को वहीं पर गाड़ कर उसके ऊपर टोकरा ढक दे। इक्कीस दिन बराबर झाड़ने से नया फोला जाला कटता चला जावेगा। २१वें दिन आंख बिल्कुल ठीक हो जावेगी।

नजर झाड़ने का मन्त्र

शुक्र शनीचर मङ्गलवार टोनाहिन चली बीर दरबार। झारभूर चङ्गा किया टोना हिन के मुड़वा पर पटक दिया।

सिद्ध करने की विधि—शुक्रवार के दिन सवा हजार गोलियां मन्त्र पढ़कर बनावे आटे की, शनिवार को मन्त्र पढ़ कर जल में मछलियों को डाले, सिद्ध हो जाय। फिर जिसकी नजर दूर करनी हो राख लेकर उसके ऊपर २१ बार मन्त्र पढ़ कर बच्चे की माता को दे दे, कह दे कि इसके मुंह, नाक, पेट, मस्तक को बिभूती लगा दे। बच्चा अच्छा हो दूध पीना शुरू कर देगा।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

—: नजर की सिद्ध यन्त्र :—

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

ॐ	ह्रीं	श्रीं
क्लीं	ह	नु
म	ताय	नग

यह यन्त्र रक्त चन्दन से भोजपत्र या कागद पर लिखकर बालक के गले में बांधे तो नजर न लगे। आजमाया हुआ है।

मवेशियों के घाव के कीड़े मारने का मन्त्र—गङ्गा पार बबूर के गाछी झड़े कीड़ा झड़े रसाई ईश्वर महादेव गौरा पार्वती की दुहाई—विधि—शाम के वक्त नीम की टहनी से २१ बार इस मन्त्र को पढ़कर झाड़े—सिद्ध करने की विधि—अनार की कलम से लाल चन्दन की स्याही से कागज पर १०८ वार लिखे, ग्यारह मरतवा रोज लिखता जावे बारहवें दिन दरया या तालाब के किनारे जाकर आटा गून्धकर एक परची मन्त्र की आटे की गोली मिला कर मछलियों को डालता जावे, तेरहवें दिन कुछ बालकों को मिट्ठा भोजन करवावे। तब यह मन्त्र काम करेगा, अन्यथा नहीं।

श्री घण्टाकर्ण का चमत्कारी मंत्र—

ॐ ह्रीं श्रीं क्लीं घण्टाकर्ण महावीर सर्वव्याधि विनाशक
आधि व्याधि विपत्ति च महाभीति विनाशय ॥
नाममन्त्रोऽस्ति ते सिद्धः सर्व मङ्गल कारकः इष्टसिद्धि महासिद्धि जयं लक्ष्मीं विवर्धय ॥
त्वच्छ्रद्धा भक्तियोगेन भवन्तु सर्वशक्तयः पराभवन्तु दुष्टाश्च शत्रवो वैरिदुर्जनाः ॥
आपत्कालेषु मां रक्ष मम बुद्धि प्रकाशय सर्वोपद्रवतो रक्ष घोर रोगान्विनाशय ॥
ॐ ह्रीं श्रीं क्लीं घण्टाकर्ण महावीर धनसमृद्धि प्रवर्धय। राज्यं च राज्यमानं च बलं बुद्धि प्रवर्धय॥
